**कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
पत्रांकः– 655 /11–सी–FP/UP/Others/26800/2017, लखनऊ, दिनांकः अगस्त 23 ,2022

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– जनपद–फतेहपुर में रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0 लखनऊ द्वारा फतेहपुर से जोनिहा मार्ग किमी0 0.00 से 22.00, जोनिहा अमौली मार्ग किमी0 0.00 से 36.00, चकेरी से बिन्दकी (मुगल रोड) किमी0 0.00 से 15.50, बिन्दकी से ललौली किमी0 (लिंक एस0एच0–46) 0.00 से 9.50 एवं गंगा ब्रिज से फतेहपुर किमी0 195 से 207 तक (कुल किमी0 95.00) के किनारे ऑप्टिकल फाईबर केबिल बिछाने हेतु क्षेत्रफल 0.9842 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्रांक–148/14–2–2017–800(153)/2017, दिनांक 12.02.2018 एवं वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज का पत्रांक–392/15–1, दिनांक 11.08.2022

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सामान्य स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सामान्य स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज के उपरोक्त पत्रांक–392/15–1, दिनांक 11.08.2022 द्वारा इस कार्यालय को दिनांक 23.08.2022 को उपलब्ध कराया गया है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(हस्ताक्षर)
**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 655 /11–सी–FP/UP/Others/26800/2017, दिनांकित।**
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज।
2. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, फतेहपुर।
3. प्रबन्धक, रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0, रोहतास के टेरिडेन्ट सेकेण्ड फ्लोर, 10 राणाप्रताप मार्ग, लखनऊ।

(हस्ताक्षर)
**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

O/C

Acy-1013